# हिन्दी अकादमी, दिल्ली

(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार)

समुदाय भवन, पदम नगर, किशन गंज, दिल्ली–110007

दूरभाष : 011-23693118, 23690274, 23694562 फैक्स : 23696897

ई-मेल : hindiacademydelhi@gmail.com


संख्या........................ दिनांक..............................

सेवा में,

मैसर्स स्टूडियो कृष्णा प्रोडक्शन
2978/2 बेसमेंट, शिव मंदिर वाली गली,
शादीपुर, दिल्ली–110008

विषयः–Debarment Notice
**Tender ID**:-2016_HAKDM_2 for video recording & photography.
कार्य आदेश संख्याः– 16(1)/2016–17/Tender/23185 दिनांक 18.01.2017

महोदया,

उपरोक्त कार्य हेतु निविदा में Upload किये गये दस्तावेजों के सत्यापन हेतु कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग द्वारा पत्र संख्या F.12(37)/2017-18/ACL/1541 दिनांक 05.08.2019, पत्र सं. F.12(37)/2017-18/ACL/2258 दिनांक 21.08.2019, पत्र सं. F.12(37)/2017-18/ACL//4865 दिनांक 04.12.2019 तथा पत्र सं. F.12(37)/2017-18/ACL/6112 दिनांक 09. 01.2020 को माल एवं सेवाकर आसूचना महानिदेशालय, आर. के. पुरम, नई दिल्ली–110066 भेजे गये थे। उपरोक्त पत्रों के सन्दर्भ में माल एवं सेवाकर आसूचना महानिदेशालय, आर. के. पुरम, नई दिल्ली–110066 के पत्र संख्या F.No.64/Int./DGCEl/Hqrs.2017/12987 दिनांक 12.02.2020 द्वारा सूचित किया गया है कि मैसर्स स्टूडियो कृष्णा प्रोडक्शन के सेवाकर पंजीकरण व सेवाकर रिटर्न के दस्तावेज जाली प्रतीत हो रहे हैं।

1. इस सन्दर्भ में हिन्दी अकादमी के पत्र संख्या 16(5)/2019–20/निविदा/हि.अका./12192 दिनांक 06.03.2020 और 565 दिनांक 13.07.2020 के द्वारा फर्म के प्रोपराइटर को सेवाकर पंजीकरण व सेवाकर रिटर्न के मूल दस्तावेज सहित अकादमी कार्यालय में स्पष्टीकरण हेतु बुलाया गया, जिसमें फर्म के प्रोपराइटर द्वारा प्रस्तुत किये गये दस्तावेज और स्पष्टीकरण से अकादमी कार्यालय संतुष्ट नहीं हुआ।

2. पत्र संख्या 16(5)/2019–20/निविदा/हि.अका./858 दिनांक 22.06.2022 और 884 दिनांक 29.06.2022 के माध्यम से आपको सूचित किया गया कि हिन्दी अकादमी, दिल्ली द्वारा आपकी फर्म मैसर्स स्टूडियो कृष्णा प्रोडक्शन, 2978/2, बेसमेंट, शिव मंदिर वाली गली, शादीपुर, दिल्ली–110008 के सर्विस टैक्स पंजीकरण (एसटी–2) और सेवाकर रिटर्न (एसटी–3) की प्रति सम्बन्धित विभाग यानी सेवाकर/जीएसटी/माल एवं सेवाकर आसूचना महानिदेशालय से सत्यापित करवाकर हिन्दी अकादमी, दिल्ली के कार्यालय में जमा करवाएं। परन्तु आप दस्तावेज सत्यापित करवाने में असमर्थ रहें।

जारी पृष्ठः–2

3. पत्र संख्या 16(5)/2019–20/निविदा/हि.अका./948 दिनांक 06.07.2022 के द्वारा आपको एक अन्य अवसर देकर सूचित किया गया कि दिनांक 16.07.2022 तक अपनी फर्म के सर्विस टैक्स पंजीकरण (एसटी–2) और सेवाकर रिटर्न (एसटी–3) की प्रति सम्बन्धित विभाग यानी सेवाकर/जीएसटी/माल एवं सेवाकर आसूचना महानिदेशालय से सत्यापित करवाकर हिन्दी अकादमी, दिल्ली के कार्यालय में जमा करवायें।

उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि अकादमी द्वारा आपकी फर्म मैसर्स स्टूडियो कृष्णा प्रोडक्शन के सेवाकर पंजीकरण व सेवाकर रिटर्न के दस्तावेजों के सत्यापन हेतु पर्याप्त अवसर दिये गये।

परन्तु निश्चित अवधि तक भी आपके द्वारा सम्बन्धित विभाग से फर्म के दस्तावेजों को सत्यापित करवाकर हिन्दी अकादमी, दिल्ली कार्यालय में जमा नहीं करवाया गया। जिससे यह स्पष्ट होता है कि आपके ई–निविदा 2016 में जमा करवाये गये सेवाकर पंजीकरण व सेवाकर रिटर्न से सम्बन्धित दस्तावेज (ST-2 & ST-3) जाली हैं।

अतः हिन्दी अकादमी की समिति द्वारा पारित प्रस्ताव तथा विभागीय आदेशानुसार अकादमी आपकी फर्म मैसर्स स्टूडियो कृष्णा प्रोडक्शन 2978/2, बेसमेंट, शिव मंदिर वाली गली, शादीपुर, दिल्ली–110008 को हिन्दी अकादमी, दिल्ली के फोटो एवं वीडियो के कार्यो के लिए इस पत्र के जारी होने की तिथि से 02 वर्ष के लिए प्रतिबंधित (Debar) करती है।

यह पत्र सक्षम अधिकारी के अनुमोदन के बाद जारी किया जा रहा है।

भवदीय

(ऋषि कुमार शर्मा)
उपसचिव

**फा.सं.:–16(5)/2019–20/निविदा/हि.अका./** 1034

**दिनांकः–** 18/7/2022

**प्रतिलिपिः–**

1. उप सचिव, कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग, सी–विंग, 7वां तल, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली–2 के पत्रांक सं. एफ.12(37)/2017–18/क.सं.एवं भा./1465 दिनांक 11.07.2022 के अनुपालन मे सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(ऋषि कुमार शर्मा)
उपसचिव